---

01. लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस पर चर्चा जारी। अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा – विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। वहीं, कांग्रेस और राजद समेत सभी विपक्षी दलों ने विधेयक को संविधान और धर्मनिरपेक्षता की मूल भावना के खिलाफ बताया।

03. केंद्र सरकार ने राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत बिहार को दो हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा।

---

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस, आज विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया। विधेयक पर चर्चा जारी है। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों से जुड़ा है।

–––बाइट–––

गवर्मेंट किसी भी धार्मिक व्यवस्था को, किसी भी रिलीजियस इंस्टीट्यूशन कोई धार्मिक काम में हस्तक्षेप करने नहीं जा रही है, ना ही वक्फ बोर्ड किसी धार्मिक स्थापित व्यवस्था में कोई भी तरीके से हाथ डालने का प्रावधान है। बिलकुल नहीं है, ये वक्फ बोर्ड का जो प्रावधान किसी मस्जिद, किसी मंदिर, किसी धार्मिक स्थल का व्यवस्था का कोई लेना–देना नहीं है। ये सिंपली एक प्रॉपटी का मैनेजमेंट का व्यवस्था है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए विपक्षी दलों पर विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिल को लेकर वोट–बैंक की राजनीति की जा रही है।

–––बाइट–––

श्री शाह ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने वर्ष, दो हजार दस में वक्फ के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी। तत्कालीन सरकार ने उनकी मांग पूरी नहीं की थी, लेकिन आज मोदी सरकार उनकी मांग को पूरी कर रही है।

---

इधर, चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है।

———बाइट———

ये बिल आज इस संविधान के इस जो मूल जो ढांचा है उस पर आक्रमण है और इनकी जो पूरा जो भाषण था वो हमारे संविधान के इस मौलिक अधिकार पर हमारे संघीय ढांचा था एक आक्रमण था।

---

चर्चा में भाग लेते हुए केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य पसमांदा मुसलमानों को उनका हक दिलाना है। उन्होंने विधेयक को लेकर जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की विपक्षी दलों द्वारा की जा रही आलोचना को राजनीति से प्रेरित बताया।

———बाइट———

---

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड धार्मिक संस्था नहीं है बल्कि यह एक वैधानिक संस्था है।

———बाइट———

राजद के सुधाकर सिंह ने कहा कि यह बिल संविधान और धर्मनिरपेक्षता की मूल भावना के खिलाफ है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि, जो पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं, उन्हें मुसलमानों के हितों से कोई लेना–देना नहीं है।

———बाइट———

---

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक से किसी को खतरा नहीं है। इस विधेयक से संस्था और मजबूत होगी।

———बाइट———

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समाज के हित में है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के माध्यम से समाज की भलाई के लिए कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हो रहा है। वक्फ बोर्ड मुकदमेबाजी में ही फंसा रहता है।

———बाइट———

---

बिहार शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास ने वक्फ बोर्ड में सुधारों का समर्थन किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीनों से अतिक्रमण हटाने की जो बात कही गयी है वह तारीफ के काबिल है। हालांकि उन्होंने कहा कि शिया वक्फ बोर्ड ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष अपनी जो बातें रखी थी उस पर ध्यान नहीं दिया गया है।

———बाइट———

पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. फिरोज मंसूरी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि वक्फ संशोधन बिल पसमांदा मुस्लिम समाज के लिए एक नई सुबह लेकर आयी है।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत बिहार को दो हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इस राशि का उपयोग मुख्य रूप से सिंचाई परियोजनाओं के लिए होगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि कोसी–मेची नदी लिंक परियोजना और पश्चिमी कोसी नहर परियोजना समेत कई अन्य परियोजनाओं पर राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने विशेष सहायता राशि जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में यात्री भाड़ा से राजस्व अर्जित करने के मामले में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बताया कि रेल यात्रियों से चार हजार छह सौ दो करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि माल ढुलाई से पूर्व मध्य रेल ने छब्बीस हजार तीन सौ चौवन करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया।

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की अचानक तबीयत खराब होने के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लड शुगर बढ़ने और रक्तचाप घटने के कारण उनकी तकलीफ बढ़ गयी थी।

---

और अब खबर चैती छठ की...

–––म्यूजिक–––

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। शाम होते ही व्रतियों ने भगवान भास्कर को भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। शुक्रवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही इस महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में माहौल भक्तिमय हो गया है। छठ गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान है।

–––म्यूजिक–––

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किया गया। अड़तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। कल गोपालगंज, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है।

–––बाइट–––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस पर चर्चा जारी। अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा – विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। वहीं, कांग्रेस और राजद समेत सभी विपक्षी दलों ने विधेयक को संविधान और धर्मनिरपेक्षता की मूल भावना के खिलाफ बताया।

03. केंद्र सरकार ने राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत बिहार को दो हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।